

अध्याय 6


आपरेटिंग सिस्टम

6. आपरेटिंग सिस्टम

6.1 प्रस्तावना

एक ऑपरेटिंग सिस्टम कम्प्यूटर हार्डवेयर और कम्प्यूटर यूजर के बीच मध्यस्था का कार्य करता है। आपरेटिंग सिस्टम बहुत दक्षता व सरलता के साथ सभी एप्लीकेशन प्रोग्राम्स को मैनेज करता है| आपरेटिंग सिस्टम यूजर प्रोग्राम को Execute करके यूजर प्रोब्लम को आसानी से सोल्व करता है।

ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर है जो कम्प्यूटर को कार्य करने योगय बनाता है। यह हमारे द्वारा प्रयोग में लिये जाने वाले सभी प्रोग्रामों को चलाने में सहयोग करता है। ऑपरेटिंग सिस्टम हार्डवेयर को कन्ट्रोल करता है। बिना ऑपरेटिंग सिंस्टम के कोई भी कम्प्यूटींग डिवाइस काम नहीं कर सकती है। अतः ऑपरेटिंग सिस्टम कई डिवाइसों के लिए जरूरी है जैसे कम्प्यूटर, मोबाईल डिवाइस और विडियो गेम और सुपर कम्प्यूटर इत्यादि। डेस्कटॉप आपरेटिंग सिस्टम के कुछ उदहारण यहाँ दिए जा रहे है जैसे माइक्रोसाफ्ट विण्डो, मेक, ओएस, लाइनेक्स,यूनिक्स इत्यादि और मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के उदाहरण एन्ड्राइड, विण्डो, IOS, Symbian इत्यादि है।



चित्र 6.1: कम्प्यूटर सिस्टम की संरचना


कम्प्यूटर सिस्टम की सरचना में तीन लेयर होती है।

1. **हार्डवयेर:-** इसमें सीपीयू - मैन मेमोरी ओर इनपुट आउटपुट डिवाइस इत्यादि होते है।

2. **सिस्टम सॉफ्टवेयर:-** ऑपरेटिंग सिस्टम, सिस्टम सॉफ्टवेयर का कम्पोनेन्ट होता है। इसमें प्रोसेस मैनेजमेंट रूटीन्स, मेमोरी भाग मैनेजमेंट रूटीन्स, इनपुट/आउटपुट कन्ट्रोल रूटीन्स व फाइल मैनेजमेंट रूटीन्स इत्यादि शामिल होते है।

3. **एल्पीकेशन सॉफ्टवेर:-** यह ऐसे प्रोग्राम होते है जिन्हें यूजर द्वारा एक ग्राफिकल यूजर इंटरफ़ेस के जरिये अपनी जरुरत के अनुसार उपयोग में लिया जाता है तथा कार्य करने हेतु ऑपरेटिंग सिस्टम की आवश्यकता होती है|

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 6.2: ऑपरेटिंग सिस्टम

6.1.1 ऑपरेटिंग सिस्टम के फंक्शन:

ऑपरेटिंग सिस्टम के मुख्य फंक्शन निम्न है-

- **रिसोर्स मैनेजमेंट:-** कम्प्यूटर के लिए सभी रिसोर्सज को उपलब्ध करवाता है जिनमें मुख्यत' मेमोरी मैनेजमेंट, प्रोसेस मैनजमेंट, डिवाइस मैनेजमेंट आदि होते हैं। एक ऑपरेटिंग सिस्टम कई बेसिक कार्य को करता है जैसे कि कन्ट्रोलिंग और मेमोरी एलोकेशन इनपुट,आउटपुट डिवाइस को कन्ट्रोल नेटवर्किंग को मजबूत करना, फाईल सिस्टम मैनेज करना, हार्डवेयर और साफ्टवेयर की शेयरिंग को अलाउ करना, एप्लीकेशन साफ्टवेयर को पोर्टेबल बनाना, यूजर प्रोग्राम के बीच सिक्योरिटी और प्रोकटेक्ट करना, एरर को ढूंढना, फॉल्ट को कम करना, रिकोनफिगर करना।

- **एप्लीकेशन और यूजर के बीच इंटरफ़ेस:-** ऑपरेटिंग सिस्टम एक यूजर के लिए इंटरफ़ेस की तरह कार्य करता है|

- **प्रोग्राम एक्ज्यूकशन:-** एप्लीकेशन प्रोग्राम और मशीन हार्डवेयर के बीच इन्टरफेस की तरह कार्य करता है।

6.1.2 ऑपरेटिंग सिस्टम के प्रकार:

एम्बेडेड ऑपरेंटिंग सिस्टम:-

इस प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम एम्बेडेड कंप्यूटर सिस्टम्स के लिए बने होते है जैसे हैण्ड-हेल्ड कम्प्यूटर्स अथवा डिवाइस जैसे PDA और स्मार्टफोन्स। इन आपरेटिंग सिस्टम को रियल टाईम ऑपरेटिंग सिस्टम भी कहते हैं। Windows CE एक प्रचलित ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण है।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

नेटवर्क कम्प्यूटर आपरेटिंग सिस्टम:-

इस प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम ऐसे कंप्यूटर में प्रयोग होते है जो आपस में एक नेटवर्क में जुड़ें होते है तथा नेटवर्क में जुड़े कम्प्यूटर के बीच फाईल और प्रिन्टर एक्सेस को शेयर, डेटा को शेयर, युजर्स को शेयर, एप्लीकेशन और कई नेटवर्किंग फंक्शन को लेन अथवा प्राइवेट नेटवर्क के द्वारा शेयर किया जा सकता है। इस प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम के कुछ उदहारण निम्न है जैसे नेटवेयर, Windows XP सर्वर, Dell नेटवर्क OS इत्यादि |

डेस्कटॉप आपरेटिंग सिस्टम:-

यह एक सिंगल कम्प्यूटर डिवाइस पर कार्य करता है जैसे कि Mac ऑपरेटिंग सिस्टम, Windows 10 इत्यादि डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण है।

त्वरित समीक्षा

- कितने प्रकार के आपरेटिंग सिस्टम होते है?
- आपरेटिंग सिस्टम के फंक्शन क्या- क्या होते है?
- सिस्टम और एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के बीच क्या-क्या अन्तर है?

6.2 ग्राफिक्स यूजर इन्टरफेस (GUI) और कमाण्ड लाइन इन्टरफैस'(CLI)

ग्राफिक्स यूजर इन्टरफैस एक इन्टरफेस होता है जो कि यूजर को ग्राफिक्स आइक्न का प्रयोग करके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से इन्टर-एक्ट करने की सुविधा प्रदान करता है इसके विपरीत कमाण्ड यूजर इन्टरफेस में कमाण्ड पर आधारित नेविगेशन किया जाता है। ग्राफिक्स यूजर इन्टरफैस का उदाहरण Windows के वर्जन, Linux और Mac आदि है। Windows 10 एकदम नया वर्जन है। जबकि MS-DOS , Unix आदि कमाण्ड लाइन इन्टरफैस का उदाहरण है।

ग्राफिक्स यूजर इन्टरफैस के साथ मोडर्न Windows आपरेटिंग सिस्टम वर्जन के द्वारा कई प्रकार के आपरेशन को यूजर के लिए किया जा सकता है। जैसे:-

1. **WYSIWYG:-** What you see IS What you Get – स्क्रीन पर प्रदर्शित इमेज (टेक्स्ट या कुछ और) आपके पेपर पर प्रदर्शित होने वाली इमेज से हु-बहु मिलनी चाहिए

2. **इमेज स्कैनिंग-** स्कैन्ड की गई इमेज का कंप्यूटर स्क्रीन पर तात्कालिक विजुअल रिप्रेजेन्टेशन इमेज स्केनिंग कहलाता है। ताकि यूजर से तुरंत फीडबैक मिल सके।

3. **प्रोसेसेबल ग्राफिक्स:-** इसके अंतर्गत ऐसे एप्लीकेशन पैकेज जैसे फोटोशोप व फायरवर्क्स जो इमेज को मैनीपुलेट कर सकते है को शामिल किया गया है|

4. **एनीमेशन और मल्टीमीडिया सपोर्ट-** विजुअल आधारित टीचिंग प्रोसेस से टच सेंसिटिव सूचना कीओस्क तक लगभग सभी प्रकार के एप्लीकेशन में इनका उपयोग होता है

5. **दिव्यांग लोगों के लिए प्रावधान :-** डेस्कटॉप के इंटरफ़ेस को दृष्टी बाधित व्यक्तियों के अनुरूप कॉन्फ़िगर करना, कॉन्ट्रास्ट को सेट करके बैकग्राउण्ड कलर प्रोवाइड करना।

विण्डो इन्टरफैस को ग्राफिक्स यूजर इन्टरफेस भी कहा जाता है। यह माउस अथवा आइकन के द्वारा उपयोग में लिया जाता है| विण्डो के द्वारा किसी विशेष प्रोग्राम और प्रोसेस के द्वारा उपयोग में लेने हेतु एक विण्डो एप्लीकेशन आवंटित किया जाता है

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

जिसमें टाईटल बार, मैन्यू बार और विजेटस होते हैं।

कमाण्ड लाइन इन्टरफेस के द्वारा कई कमाण्डस को एक साथ जोडकर रखा जाता है। इन प्रोग्राम को स्क्रिप्ट या बैच प्रारूप कहा जाता है ये यूजर के इनपुट होते है और आउटपुट मैसेज को इनपुट आउटपुट डिवाइस पर प्रदर्शित करते है कमाण्ड लाईन इन्टरफैस के द्वारा प्रोग्राम कमाण्ड को आर्ग्युमेन्ट को वेरियबल पर ट्रान्सफर करके एरर को डिलीट और प्रोग्राम की रिकवरी की जा सकती है।



चित्र 6.3: GUI

MS-DOS/Windows	UNIX/Linux	
dir	Is	List a directory of files or get information about files
copy	cp	Copy a file from one place to another
move	mv	Move a file from one place to another
del or erase	rm	Delete (remove) a file
type	cat	Type a file out to the screen (or redirected to a printer)
mkdir	mkdir	Attach a new subdirectory to the tree at this tree juction
rmdir	rmdir	Delete a subdirectory

चित्र 6.4: लाइनेक्स की कमाण्ड लाइन इन्टरफेस

6.2.1 GUI के लाभ और हानि

GUI के लाभ: सामान्यतः ग्राफिक्स यूजर इन्टरफैस पर आधारित आपरेटिंग सिस्टम के यूजर आसानी से कम्प्यूटर को बिना किसी समस्या के आपरेट कर सकते है। यूजर को सीखने में कम समय लगता है उसे बॉक्स को ओपन करके, किट को जोड़ने और प्रोडक्शन काम को शुरू करनें में समय व्यर्थ नहीं करना पड़ता है । यूजर को प्रोम्प्ट्स, अलर्टस, माउस मूवमेंट तथा ऑब्जेक्ट्स पर डबल क्लिक कर तुरंत प्रतिक्रिया तथा फीडबैक प्राप्त हो जाता है | GUI में गलतियों को आसानी से डिटेक्ट किया जा सकता है और आसानी से सही भी किया जा सकती है। अगर आपने एक बार WIMP (विंडोज, आइकॉन, मेन्यु, पॉइंटर) आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम यूज़ करना सीख लिया है तो इसी प्रकार के दुसरे ऑपरेटिंग सिस्टम पर उन स्किल्स को उसे करना काफी सरल होता है उदाहरण MAC OS

GUI की हानि:- ग्राफिक्स यूजर इन्टरफैस में अधिक मेमोरी और तेज प्रोसेसर्स की आवाश्यकता होती हैं ताकि इमेज को डिस्प्ले और उन्हें मैनुप्लेट किया जा सके। स्किल्ड व्यक्ति उसी कार्य को GUI की तुलना में कम स्टेप्स का यूज करते हुए पूर्ण कर लेने की क्षमता रखते है जैसे कि फाइल को कॉपी करना

CP<old file name <new file name>

दिव्यांग व्यक्ति भी GUI के साथ कार्य करने में दिक्कत महसूस करते है| Screen बेतरतीब तरीके से भरी होने पर नेविगेट करना कठिन हो जाता है।

6.2.2 कमाण्ड लाईन इन्टरफेस (CLI) के लाभ और हानि

लाभ: कमांड लाइन इंटरफ़ेस अधिक पावरफुल तथा फ्लेक्सिबल होता है |यह अनुभवी व्यक्तियों के लिए काफी फ़ास्ट होता

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

है तथा इसमें कमाण्ड्स को जोड़ सकते है। इस इंटरफ़ेस को इम्पिलीमेंट करना आसान होता है इसमें हार्डवेयर/सॉफ्टवेर की भी कम आवश्यकता होती है| सॉफ्टवेयर कम जटिल तथा आसानी से लिखे जा सकते है|

हानि:- इस इंटरफ़ेस को सीखना और प्रयोग करना कठिन है। इसे सीखने के लिए अधिक ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है। इस इंटरफ़ेस पर काम करने से पहले कमाण्ड याद होने चाहिए।

त्वरित समीक्षा

- GUI और CLI में क्या अंतर है?
- GUI और CLI के लाभ और हानि क्या है?

6.3 विण्डो 10: परिचय

विंडोज 10 पर्सनल कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम का नवीनतम वर्जन है जिसे माइक्रोसोफ्ट ने डवलप किया है। यह ऑपरेटिंग सिस्टम Windows NT परिवार का हिस्सा है और Windows 7, 8.1 का नया वर्जन है। यह अधिकारिक रूप से 29 जुलाई 2015 को रिलीज किया गया।

माइक्रोसोफ्ट Windows के पुराने प्रचलित वर्जन Windows 8/8.1, Windows 7, Windows Vista , Windows XP, Windows 2000, Windows 98, Windows NT, Windows 95 और MS-DOS है।

6.3.1 विण्डो 10 इन्टरफैस को समझना:-

कम्प्यूटर को बूट करना:- कम्प्यूटर को शुरू और रिस्टार्ट करना बूटिंग कहलाता है। कोल्ड बूट एक मैथड है जिसमें कम्प्यूटर पावरलैस स्टेट से स्टार्ट होता है। विभिन्न प्रकार के की कोम्बीनेशन और मैन्यू के द्वारा कम्प्यूटर को रिबूट करना वार्म बूटिंग कहलाता है।

डेस्कटाप एरिया:- कम्प्यूटर में लोगिंग करने के बाद जो एरिया (स्क्रीन) दिखाई देता है उसे डेस्कटॉप कहते हैं। यह डेस्कटॉप बैकग्राउण्ड पिक्चर, आइकन और टॉस्कबार का समूह होता है। आप इस पर चाहे अनुसार शार्टकट की कॉपी रख सकते हैं, डेस्कटॉप का वालपेपर भी पवरिवर्तित कर सकते है तथा और भी बहुत से कार्य कर सकते है|

टॉस्कबार: यूजर इन्टरफैस के स्क्रीन के (निचे की और) बॉटम में एक बार(Bar) होती है जिसकी कई विशेषताएं होती है। माउस बटन को दबाये हुए ड्रैग करने पर इस बार को किसी भी इच्छित किनारे (edge) पर ले जाकर छोड़ने पर बार उसी जगह पर मूव हो जाती है इस बार को टॉस्कबार कहा जाता है। इस बार में स्टार्ट मेन्यू (जो की हाई ड्राइव में स्टोर एप्लीकेशन का शार्टकट होता है) होता है।

आइकन:एक छोटी पिक्चर जो कि एक प्रोग्राम, फोल्डर अथवा प्रोग्राम फंक्शन को रिप्रेजेन्ट करती है आइकन होता है। डेस्कटॉप पर उपलब्ध इन छोटी पिक्चर को किसी टेक्सट के द्वारा एक नाम दिया जाता है। जिन्हें आइकॉन कहा जाता है | आइकन सामान्यतः प्रोग्राम्स को रिप्रेजेंट करते है परन्तु कई बार यह डाटा के समूह को भी प्रदर्शित करते है | आइकन पर डबल क्लिक करने पर उस आइकन के द्वारा प्रदर्शित प्रोग्राम/सामग्री को देख सकते हैं।

सिस्टम ट्रे: बैकग्राउण्ड में रन हो रहे प्रोग्राम को होल्ड करने के लिए जो आइकन होते है उन्हें सिस्टम ट्रे कहा जाता है| टास्क-बार के एक तरफ Clock होती है। Clock के नजदीक ही कई आइकन का समूह होता है जो ओपन इनबिजिबल प्रोग्राम को रिप्रेजेन्ट करना है। इस एरिये को सिस्टम ट्रे कहते हैं। टास्क-बार के मुख्य हिस्से में कभी कभार आइकॉन का छोटा समूह होता है जिसे क्विक-लांच बार कहा जाता है इन आइकॉन पर क्लिक करने पर सम्बंधित सूचना/प्रोग्राम खुल जाते है |

क्विक लॉन्च आइकन:- ये आईकन भी बटन होते हैं। कुछ बटन वास्तविक बटन की तरह दिखाई देते हैं और कुछ तब

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

दिखाई देते हैं जब कर्सर को उन पर रखते हैं। Clock के दूसरी तरफ के बटन और सिस्टम ट्रे को स्टार्ट बटन कहते हैं। जब स्टार्ट बटन पर क्लिक करते हैं तो स्टार्ट मेन्यू खुल जाता है। स्टार्ट मेन्यू में कई प्रोग्राम के मेन्यू और डेटा का कलेक्शन होता है।

शॉर्टकट आइकन- आइकन को रिप्रेजेन्ट के लिए जो लिंक होता है उसे ही शार्टकट आइकन कहा जाता है डेस्कटॉप पर स्थित आइकन, क्विक लॉन्च बार और स्टार्ट मेन्यू के शार्टकट अक्सर इसमें शामिल होते हैं। डेस्कटॉप पर शॉर्टकट, आइकॉन के ऊपर एक छोटे सिंबल की मदद से अक्सर प्रदर्शित रहते है| आइकन सभी डेटा समूह तथा प्रोग्राम को रिप्रेजेंट करते है चाहे वो शार्टकट हो या न हो । सामान्यतः डेस्कटॉप पर और स्टार्ट पर स्थित आइकन का शार्टकट होता है। जबकि डेस्कटॉप पर उपलब्ध तथा स्टार्ट-मेन्यु में प्रदर्शित सामान्यत: शॉर्टकट होते है|



चित्र 6.5: विण्डो 10 डेस्कटॉप

उपयोगी जानकारी

टिप - आईकल और शार्टकट में अन्तर होता है एक आइकन कोई भी पिक्चर हो सकती है जिसमें उपर्युक्त डेटा हो सकता है। स्टार्ट बटन पर स्थित आइकन विण्डो के अधिकतर भाग को रिप्रेजेन्ट करते है। इसलिए विण्डो लोगों काम में लिया जाता है। जबकि शार्टकट प्रोग्राम और डेटा कलेक्शन का लिंक होता है। शॉर्टकट पर प्रदर्शित आइकॉन उसी सामग्री को रिप्रेजेंट करता है जिसे शॉर्टकट खोलता है लेकिन हु-बहु आइकॉन वास्तविक सामग्री पर भी प्रदर्शित होता है|

स्टार्ट मेन्यू-

Windows 8, Windows 8.1 में स्टार्ट मेन्यू नहीं था| जिसमें कुछ सुधार कर windows 10 में वापस लाया गया है इसके साथ ही एक स्पेस दिया गया है जिसके द्वारा आप अपने फेवरेट App, प्रोग्राम, लोग और वेबसाइट को सम्मिलित कर सकते है स्टार्ट मेन्यू के लिए टॉस्कबार के सबसे नीचे बाये कार्नर पर स्थित स्टार्ट को सलेक्ट करके ओपन कर सकते हैं। की-बोर्ड और अन्य कोई डिवाइस पर स्थित स्टार्ट बटन को प्रेस करके स्टार्ट मेन्यू को ऑपन किया जा सकता है।

- **अकाउन्ट आप्शन:-** अकाउन्ट नाम पर क्लिक करके अपने अकाउन्ट पिक्चर को बदल सकते है। आप डिवाइस को लॉक और अकाउन्ट को साइन आउट कर सकते हैं।
- **पॉवर:-** इस बटन पर क्लिक करके, आप अपनी डिवाइस को स्लीप मोड अथवा डिवाइस को शट डाइन और रिस्टार्ट कर सकते हैं।
- **क्विक लिंक और बार बार प्रयोग किये जाने वाले एप्स:-** स्टार्ट मेन्यू के बांयी और आप पीसी सेटिंग में क्विक

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

लिंक और टॉप पर डाक्यूमेंट और फाईल एक्प्लोटर को पायेंगे। यह सेक्शन **बार बार** प्रयोग में लिये गये एप्स और प्रोग्राम की सूची के नीचे होता है। यदि आप प्रोग्राम के आगे ऐरो **(Arrow)** देखते हैं तो **तात्कालिक (रीसेंट)** प्रयोग किये गये फाइल और प्रोग्राम्स की सूची को माउस को उनके ऊपर ले जाकर देख सकते हैं।

- **आल एप्स:-** ऑल एप्स पर क्लिक करते हुए सभी एप्स को और प्रोग्राम को **अल्फाबेटिक** देख सकते हैं। किसी विशेष एप को ढूंढने के लिए सर्च बॉक्स में जाकर ढूंढ सकते हैं।

- **सर्च:** किसी भी डिवाइस में, एक ड्राइव पर स्थित कलाउड स्टोरेज में, उसी समय वेब पर किसी भी चीज को सर्च किया जा सकता है। सर्च करने के स्टार्ट मेन्यू को ऑपन करके और सर्च बॉक्स में टाइप कीजिए जिसे आप सर्च करना चाहते है। टॉस्कबार से भी डाइरक्टली सर्च किया जा सकता है। विण्डो 10 में सर्च बटन के प्रयोग के द्वारा किसी भी प्रकार हेल्प ले सकते है। इसके लिए आपको की-बोर्ड और प्रश्न टाईप करना है और उससे सम्बन्धित लिंक डिस्प्ले हो जाएगा।


- **फेवरेट एप को पीन करना:-** जिन एप्स, प्रोग्राम्स को आप फास्ट एक्सेस करना चाहते है। उन्हें स्टार्ट मेन्यू पर पिन कर सकते है| ऐसे App जो लाइव टाइल है आपको आपसे सम्बंधित लोग तथा प्रोडक्ट के बारे में तात्कालिक अपडेट प्रदर्शित करते है| स्टार्ट पर क्लिक करो, ऑल एप्स को सलेक्ट करके जिस एप को आप पीन करना चाहते हो उस पर दांयी क्लिक करो और अब पीन टू स्टार्ट सलेक्ट कीजिए। एक बार पीन करने के बाद, आपका एप दांयी और फाइल की तरह दिखाई देता है। साइज को बदलने के लिए टाइल दांयी क्लिक और मूव करने के लिए ड्रैग और ड्रोप कीजिए। अगर जगह कम भी पड़ रही है तो आप चिंता न करें स्टार्ट मेनू स्वतः हो अपने आप को एडजस्ट कर सभी के अनुरूप री-साइज़ हो जाता है|

उपयोगी जानकारी

टिप - क्या आप किसी App के दांयी और एरो देख पा रहे है? इसको सेलेक्ट करने पर App विशेष टास्क या आइटम प्रदर्शित होते है|

विण्डो एक्सप्लोरर/ फाइल एक्स्प्लोरर

जब आप किसी फोल्डर को ओपन करते हो तो जो विण्डो दिखाई देती है उसे विण्डो एक्सप्लोर या फाइल एक्सप्लोर कहा जाता है।




चित्र 6.6: फाइल एक्सप्लोर विण्डो

टास्क-व्यू : अगर आपने कई app तथा प्रोग्राम खोल रखें है तो एक नया टास्क व्यू बटन उपलब्ध होता है जिससे की आप

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

ओपन प्रोग्राम्स की विंडो के बीच स्विच कर सकें | सभी रनिंग App तथा प्रोग्राम्स को देखने के लिए टास्क-व्यू पर क्लिक करें उसके पश्चात् किसी भी आइटम को खोलने के लिए उस पर क्लिक करें|



चित्र 6.7: टॉस्क व्हियू बटन

उपयोगी जानकारी

टिप - मल्टीटॉस्किंग और मल्टीप्रोसेसिंग के बीच अन्तर क्या है? मल्टी टॉस्किंग एक मैथड है जहां पर कई टास्क/ प्रोसेस कॉमन रिसार्स को शेयर करते है जैसे कि सीपीयू जबकि मल्टीप्रोसेसिंग एक मोड है जिसमें एक या एक से अधिक प्रोसेसज एक साथ एक ही CPU या अधिक पर रन होते हैं।

मल्टीपल डेस्कटॉप: अगर आप कई प्रोजेक्ट पर एक साथ कार्य कर रहे है अलग अलग App तथा प्रोग्राम का उपयोग करते हुए तो आपको और डेस्कटॉप जोड़ने का प्रयास करना चाहिए| इसकी मदद से आप सभी चीजो को सुन्दरता से व्यवस्थित कर सकते है| या आप घर पर कार्य करने हेतु अलग तथा ऑफिस में कार्य करने हेतु अलग डेस्कटॉप का प्रयोग कर सकते है | टास्क-बार से टास्क व्यू का चयन कर एक डेस्कटॉप ऐड करें| टॉस्क व्हियू पेज के बॉटम (निचे की और) थम्बनेल दिखाई देगा। ब्लांक थंबनेल पर क्लिक कर आप एक बिलकुल नया डेस्कटॉप खोल सकते है| डेस्कटॉप के बीच स्विच करने के लिए टास्क व्यू पर क्लिक कर इच्छित डेस्कटॉप का चयन कर सकते है

माइक्रोसॉफ्ट ऐज:- Windows 10 में इन्टरनेट एक्सप्लोर को माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउज़र के द्वारा रिप्लेस किया गया है और इसे डिफाल्टर ब्राउज़र बनाया गया है। माइक्रोसॉफ्ट ऐज पहला ऐसा ब्राउजर है जो आपको सीधे ही वेब-पेज पर नोट लिखना, डूडल के बारे में बताता है और वेबपेज पर हाईलाइट करने में समर्थ बनता है| किसी आर्टिकल को सेव करने के लिए रिडिंग लिस्ट आइकन का प्रयोग किया जाता है जिसके द्वारा हम उस सेव किये गये आर्टिकल को बाद में रिडिंग व्हियू आइकन से पढ़ा जा सकता है। किसी ओपन टैब पर होवर के द्वारा उसके प्रीव्यू देखा जा सकता है अगर आप माइक्रोसॉफ्ट ऐज को किसी अन्य डिवाइस पर प्रयोग कर रहे हो तो भी फेवरेट तथा रीडिंग लिस्ट के साथ उन्हें एक्सेस कर सकते है

विण्डो स्टोर:- आप विंडोज स्टोर से वीडियो, गेम्स और एप्स को डाउनलोड कर सकते हो। इसका आइकन टॉस्कबार में होता है।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

कोरटाना:- माइक्रोसॉफ्ट वायस पावर्ड पर्सनल असिस्टेंट को Windows 10 ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ लान्च किया गया है। कोरटाना को सर्च बॉक्स को रेप्लास करने हेतु कॉन्फ़िगर किया जा सकता है|



चित्र 6.8 विण्डो स्टोर

त्वरित समीक्षा


- स्टार्ट मेन्यू का प्रयोग करते हुए कौनसे ऑपरेशन किए जा सकते है?
- टॉस्कबार का क्या प्रयोग है?
- विण्डो 10 में कितने प्रकार के आइकॉन होते है ?

6.4 विंडोज 10: कन्ट्रोल पैनल और सॉफ्टवेयर इन्स्टालेशन

यूजर विण्डो कई प्रोपराईटर फिचर को मोडीफाई कर सकते हैं और इन्टरमीडियेट यूजर/ कम्प्यूटर पर कन्ट्रोल करने के लिए सभी डाटा आवश्यकता अनुसार एक्सेस कर सकता है। Windows 10 के अनुभवी यूजर को कन्ट्रोल पैनल पर कार्य करना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

6.4.1 विंडोज 10 कन्ट्रोल पैनल:

सर्च बॉक्स में कन्ट्रोल पैनल में टाइप करके या स्टार्ट बटन पर माउस के दांये बटन पर क्लिक करके कन्ट्रोल पेनल को ओपन कर सकते है



6.9 कन्ट्रोल पैनल का मेन्यू

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

जैसे कि दुसरे फोल्डर में होता है कन्ट्रोल पैनल में भी एड्रेस बार और सर्च बॉक्स होता है। सभी कमाण्ड्स को 8 ग्रुप में बांटा गया है।

सिस्टम और सिक्यूरिटी:- इस भाग में विंडोज 10 में होने वाले ऑपरेशन और सिक्योरिटी को बताया गया है। यहां पर एक्शन सेन्टर को खोल कर सिस्टम सैटिंग को चैक, विण्डो अपडेट सैटिंग को मैनेज, पॉवर उपयोग आप्शन और अन्य कई एडमिनिस्टेटिव टूल्स को एक्सेस किया जा सकता है जैसे कि ऐक्शन सेन्टर, विण्डो सिस्टम, विण्डो अपडेट, पॉवर आप्शन, बैकअप और रिस्टोर, बिटलोकेटर ड्राइव एन्क्रिप्शन , एडमिनिट्रटेव टूल्स इत्यादि।



चित्र 6.10 कन्ट्रोल पैनल

Windows 10 में एक नया बटन जिसे "सेटिंग" उपलब्ध करवाया गया है जिसकी मदद से यूजर द्वारा तेजी से व दक्षता पूर्वक पर्सनलाइज किया जा सकता है| स्टार्ट बटन पर क्लिक करके सेटिंग्स का चयन करने पर इन सेटिंग को एक्सेस किया जा सकता है यहाँ से आप केटेगरी को ब्राउज करके या सर्च बटन में टाइप कर इच्छित कार्य कर सकते है तथ कण्ट्रोल पैनल के एडवांस्ड आप्शन भी एक्सेस कर सकते है




चित्र 6.11: सेटिंग विंडो

6.4.2 सॉफ्टवेयर इन्स्टालेशन:

विण्डो 10 के साथ कुछ बेसिक साफ्टवेयर आते है जो कि अधिकतर नए यूजर के लिए आवश्यक होते हैं।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

इसके द्वारा आप इन्टरनेट को ब्राउज, डिजिटल मीडिया को सुन और देख और वर्ड प्रोसेसिंग डाक्यूमेंट को बना सकते हैं। फिर भी कई प्रोग्राम ऐसे है जो कि ऑपरेटिंग सिस्टम की साईज और कीमत अधिक होने के कारण इन्हें ऑपरेटिंग सिस्टम में सम्मिलित नहीं किया गया है। आपके अपने प्रोग्राम्स को इनस्टॉल करना कठिन लगता है परन्तु वास्तव में यह काफी आसान है| विण्डो के साथ कार्य करने हेतु बनाये गए प्रोग्राम को इन्स्टाल करना बहुत आसान तथा तरीके से पूर्ण होता है।



चित्र 6.12 सॉफ्टवेयर इन्स्टालेशन

उदाहरण के तौर पर एक ऐसे प्रोग्राम को इन्स्टाल करना है जो कि पीडीएफ फाईल को दिखाता है। एक कम्पनी एडोब सिस्टम ने इस फाइल फारमेट को बनाया है। सबसे पहले एडोब की ईएक्सई (EXE) फाइल पर क्लिक करो यह पूछेगा कि आपके कम्प्यूमटर में बदलाव करने का अधिकार है या नहीं। यदि आप YES पर क्लिक करोगे तो एक विण्डो ओपन होगी जो कि प्रोग्राम के डाउनलोड ओर इन्स्टालेशन को सिखाएगी।

एक बार इन्स्टालेशन कम्पलीट हो जाये तब इन्स्टालेशन विण्डो बंद हो जाती है। अब आप उस डाउनलोड किए गये प्रोग्राम को प्रयोग में ले सकते हैं। अब आप डेस्कटॉप पर एक आइकन को देखोगे और स्टार्ट मेन्यू में एक नयी एन्टरी हो जाती है। अब उस प्रोग्राम को ओपन करने के लिए डेस्कटॉप आइकन पर डबल क्लिक कीजिए अथवा स्टार्ट मेन्यू आइकन पर क्लिक कीजिए।

अधिकतर यूजर्स नेक्सट बटन पर क्लिक करते हुए प्रोग्राम को डिफाल्ट सैटिंग के साथ इन्स्टाल कर देते है। एक बार सेटअप फाइल की सभी जरूरत को कम्पलीट करने के बाद इनस्टॉल या फिनिश पर क्लिक कीजिए, इंस्टालेशन प्रोग्राम स्वत ही अपना कार्य पूर्ण कर लेगा| कुछ प्रोडक्ट इंस्टालेशन पूर्ण होने पर आपके कंप्यूटर को री-स्टार्ट करते है ताकि साफटवेयर भली-भांति इन्स्टाल हो जाये। यह करने पर टेम्पररी फाइल (यदि कोई हो तो) डिलीट कर दी जाती है तथा उपयोग में लायी जा रही फाइल्स अपडेट हो जाती है| अब आप उस प्रोग्राम को प्रयोग में ले सकते है।

ड्राइवर:एक डिवाइस ड्राईवर एक प्रोग्राम होता है (सामान्यत एक ड्राइवर के नाम से संबोधित किया जाता है) जो डिवाइस को ऑपरेट और कन्ट्रोल करता है जैसे कि कम्प्यूटर से प्रिन्टर, स्कैनर, सीडी रोम आदि जुड़े होते हैं। सामान्यत: किसी भी प्रकार की बाहरी डिवाइस को इनस्टॉल करने हेतु उसके ड्राईवर को इनस्टॉल करने की आवश्यकता रहती है|

त्वरित समीक्षा


- विण्डो 10 में डेट और टाईम को कैसे चेंज करते हैं?
- स्क्रीन और बैकग्राउण्ड को कैसे चेंज करते हैं?
- माउस प्रोपर्टीज को कैसे बदलते हैं?

6.5 विंडोज 10 में विण्डो फाइल और फोल्डर के साथ काम करना

एक फाईल या डाक्यूमेंट, डेटा का कलेक्शन होता है जिसका एक नाम होता है कम्प्यूटर में स्टोर होती है। हम फाइल को फोल्डर में रख कर व्यवस्थित रख सकते हैं। डिस्क में फोल्डर होते हैं जिनमे कि डाक्यूमेंट को रखा जाता है, फ्लोपी डिस्क जीप डिस्क, काम्पैक्ट डिस्क, हार्ड डिस्क आदि में फाइल को स्टोर कर सकते हैं। इन डिस्क को ड्राइव में इन्सर्ट किया और हटाया जा सकता है।


© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

विन्डोज फोल्डर और फाइल को एक Hierachy या फाइल सिस्टम में रखता है विन्डोज उन फोल्डर और फाईल को स्टोर करके रखता है जिन्हें कम्प्यूटर को शुरू करने पर रूट डायरेक्ट्री में एक्सेस करने की आवश्यकता होती है। फोल्डर जो कि अन्य फोल्डर में होते हैं। उन्हें सब फोल्डर कहा जाता है।



चित्र 6.13: फाईल को मैनेज करना


जिस तरह की डिस्क आप फाइल को स्टोर करने में उपयोग में लेते हो वो यह बताती है कि आप उन फाइल को कैसे व्यवस्थित रखना चाहते हो | यदि आप किसी रिमूवेबल मीडिया में फाइल स्टोर करना चाहते हो तो सिम्पल ऑर्गानाइजेशन यूज करना पड़ेगा। यदि मीडियम बड़ा हो तो फोल्डर के कई लेवल्स यूज करने पड़ेंगे। माई डाक्यूमेंट फोल्डर से हम फाइल का बैकअप अथवा डुप्लीकेट कॉपी और आवश्यक फाईल ले सकते हैं।




चित्र 6.14 विण्डो में फाईलस को मैनेज करना

विण्डो एक्सप्लोरर आपके कम्प्यूटर पैन में फाईल्स, फोल्डर और ड्राईव दिखाता है। कम्प्यूटर पैन में एक्सप्लोरर वार, फोल्डर पैन, एक्सपेण्ड आइकन होते हैं। माई कम्प्यूटर आपके कम्प्यूटर की ड्राईव को दिखाता है।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 6.15 फोल्डर के साथ कार्य करना।




चित्र 6.16 विण्डो में फोल्डर्स को मैनेज करना

एक फाइल का पाथ आपके कंप्यूटर में फाइल की लोकेशन को इंगित करता है जैसे - A:\FM\Tutorial\Holiday.bmp

1 A: ड्राइव का नाम है

2 FM, ड्राइव A: में टॉप-लेवल का फोल्डर है


3 Tutorial एक सब-फोल्डर है FM फोल्डर में



चित्र 6.17 विण्डो में माई डाक्यूमेंट फोल्डर


© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

4 Holiday.bmp फाइल का सम्पूर्ण नाम फाइल एक्सटेंशन के साथ है



चित्र 6.18: विंडोज में विभिन्न फाइल का प्रबंधन

विण्डो एक्सप्लोर के प्रयोग के द्वारा फोल्डर्स को बनाया जा सकता है। इसके लिये मेन्यू बार पर स्थित फाइल पर क्लिक कीजिए, सबमेन्यू को डिस्प्ले के लिए न्यू को पाइन्ट कीजिए और इसके बाद फोल्डर पर क्लिक कीजिए।




चित्र 6.19 विण्डो 10 में फोल्डर नाम

हम फाइल और फोल्डर्स को कॉपी और मूव कर सकते हैं फाईल को मूव करने का मतलब करन्ट लोकेशन से फाईल को हटाकर नई लोकेशन पर रखना। दोनों लोकेशन में फाइल को कॉपी भी कर सकते हैं।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

हम किसी भी फाइल को नाम दे सकते है तथा री-नेम भी कर सकते है | फाइलनेम फाइल के बारे में महत्वपूर्ण सुचनाये देता है जैसे की उस फाइल का कंटेंट तथा उद्देश्य (फाइल-नेम का मुख्य भाग), डॉट , फाइल का एक्सटेंशन | फाइल का एक्सटेंशन फाइल टाइप की पहचान करता है तथा उस प्रोग्राम को इंगित करता है जिसमे की इस फाइल को बनाया गया है|



चित्र 6.20 विण्डो 10 में एक्सपान्ड और कौलेस्अप आइकन

रिसाईकिल बिन- यह फोल्डर आपके द्वार डिलीट की गई फाईल्स और फोल्डर्स को टैम्पररी स्टोर करता है। रिसाइकिल बिन से डिलीट की गई फाइल और फोल्डर्स को एक्सेस नहीं किया जा सकता क्योंकि वो परमानेट डिलीट हो जाती है।

उपयोगी जानकारी

टिप - शिफ्ट + डिलीट की के द्वारा फाईल / फोल्डर को परमानेन्ट डिलीट किया जा सकता है।

त्वरित समीक्षा


- फाईल और फोल्डर के बीच क्या अन्तर है?
- डेस्कटॉप पर सेव फाईल फोल्डर का पाथ क्या होता है।?
- स्क्रोलवार का प्रयोग क्या है?

6.6 विंडोज-10 : बेसिक एप्लीकेशन / यूटिलिटिज

Windows 10 में कुछ बेसिक एप्लीकेशन / यूटिलिटिज होती है। यूटिलिटिज प्रोग्राम कम्प्यूटर डेटा को मैनेज , रिपेयर और ऑप्टीमाइज करता है । प्रत्येक ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ एक बैसिक सेट आता है। टॉस्कबार में स्थित सर्च बॉक्स में एसेसिरज का नाम टाइप करके उसे एक्सेस किया जा सकता है। जिनमे से कुछ निम्न है।

कैलकुलेटर : कैलकुलेटर का प्रयोग मुख्यतः जोड़ने, घटाने, गुना करने और भाग करने में होता है | कैलकुलेटर के द्वारा प्रोग्रामिंग, साइंटिफिक और स्टेटिस्किल आधुनिक गणनाए भी की जा सकती है।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 6.21 विण्डो 10 के एसैसरीज में मैथ टूल *7*

मैथ इनपुट पैनल: यदि आप मैथेमेटिकल प्रॉब्लम को सोल्व करना चाहते है अथवा कोई डॉक्यूमेंट या प्रेजेंटेशन जिसमे मैथेमेटिकल एक्सप्रेशन का उपयोग हुआ हो, को कम्प्यूटर में लिखना चाहते हो तो मैथ इनपुट पैनल का प्रयोग कर सकते हैं। यह पैनल प्रोसेस को आसानः तथा प्राकृतिक बना देता है। यहां इनपुट पैनल, Windows 10 के इन-बिल्ट फीचर मैथ रिकागनाइजर का प्रयोग करता है जो कि हाथ से लिखे गये मैथ एक्सप्रेशन को पहचानता है। इसके पश्चात् आप पहचानी गयी मैथ को किसी वर्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम या कम्प्यूटेशन में प्रयोग कर सकते है|

मैथ इनपुट पैनल इस प्रकार डिजाजन किया गया है कि इसे टेबसेट पीसी पर टेबलेट पैन के साथ प्रयोग किया जा सके लेकिन आप इसे किसी भी इनपुट डिवाइड के साथ के साथ प्रयोग कर सके है जैसे कि टच स्क्रीन, एक्सर्टनल डिजिटाइजर और माउस।

मैथ इनपुट पैनल को ओपन करने के लिए एसेसीरज मैन्यू के अन्दर स्थित टेब को प्रेस कीजिए। अब एक मैथ एक्सप्रेशन को लिखिए | प्रिव्यू एरिया में रिगनाइज मैथ दिखाई देती है। मैथ रिकागनेशन में जरूरी बदलाव कीजिए। इन्सर्ट को टेब करते हुए कम्प्यूटेशन प्रोग्राम अथवा वर्ड प्रोसेसिंग में रिकागनइज्ड को रख सकते हैं।


स्निप्पिंग टूल:- स्निप्पिंग टूल की मदद से आप स्क्रीन पर किसी भी ऑब्जेकट का स्क्रीन शॉट /स्निप कैप्चर कर सकते है तथा उसे ऐनोटेट, सेव अथवा एक इमेज की तरह शेयर कर सकते है

निम्न प्रकार के स्निप्स को कैप्चर कर सकते हैं।

1. **फ्री फॉर्म स्निप:-** एक ऑब्जेक्ट के चारो और फ्री फॉर्म शेप ड्रा करना
2. **रेक्टंगुलर स्निप:-** ऑब्जेक्ट के चारो और कर्सर को ड्रैग कर रेक्टेंगल फॉर्म करना
3. **विंडो स्निप:-** विंडो को सेलेक्ट करे जैसे की ब्राउज़र विंडो या डायलाग बॉक्स विंडो को जिसे आप कैप्चर करना चाहते है
4. **फुल-स्क्रीन स्निप-** इसके द्वारा पूरी स्क्रीन को कैप्चर कर सकते है।

विंडोज मोबिलिटी सेण्टर

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 6.22 विण्डोज 10 में विण्डो मोबिलिटी सेन्टर

यदि आप लैपटॉप प्रयोग करते हो तो विण्डो मोबिलिटी सेन्टर में सेटिंग्स उदाहरण के तौर पर स्पीकर की आवाज, वायरलेस नेटवर्क कनेक्शन स्टेट्स और डिस्प्ले की ब्राइटनेस आदि को आसानी से एक्सेस कर सकता है। क्योंकि ये सभी सेटिंग एक ही लोकेशन पर होता है इससे आपका समय बचेगा और आपको प्रत्येक सेटिंग की लोकेशन को याद नहीं रखना पडेगा।

विण्डो मोबिलिटी सेन्टर को ओपन करने के लिए एसेसिरीज मेन्यू में विण्डो मोबिलिटी सेंटर पर क्लिक करों। मोबिलिटी सेन्टर अधिकतर प्रयोग की जाने वाले लेपटॉप सेटिग जैसे कि ब्राईटनेस, वोल्यूम, बैटरी स्टेटस ओर वायरलेस नेटवर्क स्टेटस को दिखाता है।

कुछ सेटिग्स निम्न है जिन्हे आप मोबिलिटी सेन्टर में पायेगे।

- **ब्राईटनेस** - स्लाडर को मूव करके डिस्पले की ब्राईटनेस को एडजस्ट कर सकते है। आपके कंप्यूटर में पॉवर प्लान के अंतर्गत डिस्प्ले ब्राइटनेससेटिंग सेटिंग को एडजस्ट जर्ने हेतु आइकॉन पर क्लिक कर पॉवर आप्शन को खोले
- **वाल्यूम**-स्लाइडर को मूव करके लेपटाप के स्पीकर वैल्यूम को एडजस्ट कर सकते है या म्यूट चेक बॉक्स को चेक(क्लिक) कर सकते है|
- **बैटरी स्टेटस**-यह बताता है कि बैटरी में कितना चार्ज बचा हुआ है अथवा लिस्ट से पावर प्लान को सेलेक्ट करता है।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

- **वायरलेस नेटवर्क**- यह नेटवर्क कनेक्शन के स्टेटस को बताता है अथवा आप नेटवर्क एडवटर को ऑन ऑफ कर सकते है।

- **स्क्रीन रोटेशन:-** आपके टेबलेट पीसी की स्क्रीन का ओरिएंटेशन पोट्रेट से लैंडस्केप (अथवा इसका उल्टा) बदल सकते है

- **एक्सर्टनल डिस्प्ले-** लेपटॉप से आप एक अतिरिक्त मॉनीटर जोड़ सकते है या डिस्प्ले सेटिंग को कस्टमाइज कर सकते है

- **सिन्टक्रोनस सेन्टर-**इसके द्वारा फाइल सिंक्रोनस के स्टेटस के देखना, नये सिन्कोनस को शुरू करना, सिन्कोनस पार्टनरशिप को सेट अप अथवा सिन्कोनस सेन्टर में सेटिग को बदल सकते है।

पेन्ट:- पेंट एक ड्राइंग प्रोग्राम है इसके द्वारा आप ड्राइंग को बना सकते है और डिजिटल पिक्चर को मैनेज कर सकते हो। आप पेंट प्रोग्राम की मदद से पिक्चर फाइल्स को अन्य फाइल फॉर्मेट में सेव भी कर सकते है|

सिस्टम टूल्स : सिस्टम टूल्स की मदद से डिस्क पर उपस्थित अनावश्यक फाइल को डिलीट किया जा सकता है और डिस्क को फ्रेगमेंट कर सिस्टम की दक्षता को बढाया जा सकता है इसके लिए डिस्क डिप्रेगमेन्टर और डिस्क क्लीन आप टूल्स का प्रयोग किया जाता है।

त्वरित समीक्षा

- विण्डो 10 में कौनसी एसेसरीज होती है?
- डिस्क क्लीन अप और डिफ्रग्मेंटेशन क्या है?
- मैथ इनपुट पैनल के द्वारा क्या रचना कर सकते है?

RS-CIT
एक परिपूर्ण कंप्यूटर कोर्स !
www.rkcl.in

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. गलत वाक्य को पहचानिए।

   a. रिसाइकिल बिन में delete की गई file को ढूढ सकते है।

   b. रिसाइकिल बिन से जरूरी फाईल को Restore कर सकते है।

   c. रिसाइकिल बिन में फाइल को भेजकर फ्री स्पेस को बढा सकते है।

   d. रिसाइकिल बिन को दायें क्लिक करके Empty Recycle Bin को सलेक्ट करके इसे साफ कर सकते है।

2. कौनसा ऑपरेटिंग सिस्टम GUI ग्राफिकल यूजर इन्टरप्रेस का उदाहरण नही है।

   a. विण्डो 8-1 b. Macos

   c. लाईनेन्स d. यूनिक्स

3. कौनसा एप्लीकेशन सॉफटवेयर नही है?

   a. विण्डो xp b. VLCमीडिया प्लेयर

   c. एडोव रिडर d. फोटोशॉप

4. टॉस्क बार का छोटा हिस्सा जिसमें बेकग्राउड में चल रही एपलीकेशन के आईकन और टाइम और डेट को बताता है।

   a. स्टार्ट बटन b. क्विक लॉन्च

   c. टॉस्क बार d. सिस्टम में

5. निम्न में से कौनसा ऑपरेटिग सिस्टम मल्टीटॉस्किग को इम्पीलीमेन्ट नही करता है।

   a. विण्डो 98 b. विण्डो N 7

   c. विण्डो xp d. MS-DOS

6. निम्न में से कौनसी विण्डो में स्टार्ट बटन नही होता है।

   a. विण्डो विस्टा

   b. विण्डो 10

   c. विण्डो 8

   d. उपरोक्त में से कोई नही

7. निम्न में से कौनसा ऑपरेटिंग सिस्टम नही है।

   a. डौस b. लाइनेम्स

   c. विंडो d. ओरेकल

8. एक.....नाम होता है जो डिस्क पर फाईल को स्टोर करता है।

   a. फोल्डर b. पोड

   c. वर्जन d. फाइलग्रुप

9. विण्डो में स्टार्ट बटन का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

   a. एप्लीकेशन को लॉन्च करने में

   b. डिवाइस सेटिंग

   c. सिस्टम को बंद करने में

   d. उपरोक्त सभी

10. जब एक डायरेक्ट्री को एक लोकेशन से दूसरे लोकेशन पर मूव करते है तो

    a. डायरेक्ट्री के अन्दर स्थित सभी फाइल मूव हो जाती है।

    b.डायरेक्ट्री व उसके अन्दर की सभी सवडायरेक्ट्री मूव हो जाती है

    c. डायरेक्ट्री मूव हो जाती है लेकिन सोर्स फाइल मूव नही होती है।

    d. a+b दोनो

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL